भारत के संविधान में प्रारंभ में केवल मूल अधिकारों (Fundamental Rights) को सम्मिलित किया गया था, जबकि मूल कर्तव्यों (Fundamental Duties) का कोई उल्लेख नहीं था। संविधान निर्माताओं का विचार था कि नागरिकों के कर्तव्यों को संविधान में निहित करना आवश्यक नहीं है। उन्होंने नागरिकों के कर्तव्यों की अपेक्षा राज्य के कर्तव्यों को नीति निदेशक तत्वों (Directive Principles of State Policy) के रूप में स्वीकार किया।

परिभाषा : "मूल कर्तव्य वे संवैधानिक दायित्व हैं जिन्हें भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक पर राष्ट्र, समाज, संस्कृति और पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व निभाने हेतु अधिरोपित करता है।"

8.1 संवैधानिक प्रावधानों में मूल कर्तव्यों की प्रविष्टि

बाद में समय के साथ यह अनुभव हुआ कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी संवैधानिक मान्यता आवश्यक है। फलस्वरूप:

- 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा संविधान में भाग IV(क) जोड़ा गया।***
- इसके अंतर्गत अनुच्छेद 51A प्रविष्ट किया गया, जिसमें 10 मूल कर्तव्यों को शामिल किया गया।***
- बाद में, 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 द्वारा एक अतिरिक्त कर्तव्य जोड़ा गया, जिससे इनकी संख्या 11 हो गई।***

प्रेरणा स्रोत - भारत के मूल कर्तव्यों की अवधारणा का स्रोत पूर्व सोवियत संघ (USSR) का संविधान है,*** जहाँ नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को समान महत्व प्राप्त था। रूस के संविधान में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है :

"नागरिकों की स्वतंत्रता और अधिकार, उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से अविभाज्य हैं।"

इसके विपरीत, अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया जैसे अनेक लोकतांत्रिक संविधानों (जैसे अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया आदि) में नागरिक कर्तव्यों का कोई पृथक अध्याय नहीं मिलता। तथापि, कुछ संविधानों—विशेषकर जापान—में नागरिक कर्तव्यों को स्पष्ट रूप से सूचीबद्ध किया गया है।"

स्वर्ण सिंह समिति (1976)

राष्ट्रीय आपातकाल (1975-77) के दौरान भारत सरकार ने सरदार स्वर्ण सिंह की अध्यक्षता में एक समिति गठित की, जिसका उद्देश्य था : नागरिकों के कर्तव्यों को संविधान में सम्मिलित करने हेतु सुझाव देना।

अनुच्छेद 51-क मौलिक कर्तव्य की व्याख्या करता है फिलहाल कितने मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख है ? [MPPSC Civil (Pre) 2023]
(a) 10
(b) 11
(c) 12
(d) 15

प्रमुख सिफारिशें

— संविधान में मूल कर्तव्यों का एक पृथक खंड होना चाहिए।
— नागरिक केवल अधिकारों के उपभोग तक सीमित न रहें, बल्कि अपने कर्तव्यों का भी पालन करें।

कुछ अस्वीकृत सिफारिशें : स्वर्ण सिंह समिति की कुछ अनुशंसायें सरकार द्वारा अस्वीकृत कर दी गईं थी, जैसे :-

— "संसद को यह अधिकार मिले कि वह कानून द्वारा मूल कर्तव्यों के उल्लंघन पर दंडात्मक प्रावधान कर सके।"***
— मूल कर्तव्यों से संबंधित कानूनों को मूल अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर चुनौती नहीं दी जा सके।
— कर भुगतान को भी मूल कर्तव्य घोषित किया जाये।

CHAPTER 13

सर्वोच्च न्यायालय एवं न्यायिक व्यवस्थायें (The Supreme Court & Other Judicial Systems)

भारतीय न्यायपालिका की संरचना

भारतीय न्यायपालिका एक **एकीकृत** (Integrated) **और स्वतंत्र** (Independent) **प्रणाली** है, जिसकी संरचना 3 स्तरों में विभाजित है—

1. **सर्वोच्च न्यायालय** (Supreme Court of India) — देश का सर्वोच्च संवैधानिक एवं अपीलीय न्यायालय।
2. **उच्च न्यायालय** (High Courts) — प्रत्येक राज्य या एकाधिक राज्यों के लिए।
3. **जिला एवं अधीनस्थ न्यायालय** (District & Subordinate Courts) — ज़िला स्तर पर कार्यरत।

सर्वोच्च न्यायालय **संविधान का संरक्षक और अंतिम व्याख्याकर्ता** है। यह संवैधानिक, दीवानी, आपराधिक और मूल अधिकारों से संबंधित मामलों की सुनवाई करता है।

भारतीय संविधान ने अमेरिकी संविधान के विपरीत एक **एकीकृत न्यायिक प्रणाली** स्थापित की है, *** जिसमें सर्वोच्च न्यायालय शीर्ष पर स्थित है और उसके अधीन उच्च न्यायालय तथा उनके अधीनस्थ न्यायालय कार्य करते हैं।

- यह व्यवस्था **भारत सरकार अधिनियम, 1935** से प्रेरित है।
- इसका अधिकार-क्षेत्र केंद्र एवं राज्यों द्वारा निर्मित सभी कानूनों तक विस्तृत है

13.1 भारत के उच्चतम (सर्वोच्च) न्यायालय का गठन एवं अधिकार-क्षेत्र

▶ स्थापना एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

- **स्थापना तिथि**: 28 जनवरी, 1950***
- भारत का संघीय न्यायालय की स्थापना अक्टूबर 1937 दिल्ली में की गई जिसमें 1 मुख्य न्यायाधीश व 2 अन्य न्यायाधीशो की व्यवस्था की गयी थी आजादी के पूर्व तक इसे **Federal Court of India** के नाम से जाना जाता था ***

▶ संवैधानिक आधार

- **भाग V (अनुच्छेद 124 से 147)**: संविधान के भाग V के अंतर्गत भारत के उच्चतम न्यायालय के गठन, संरचना, शक्तियों, क्षेत्राधिकार एवं कार्यप्रणाली से संबंधित प्रावधान निर्धारित हैं।
- **संसद की भूमिका**: अनुच्छेद 124(1) के अंतर्गत न्यायाधीशों की संख्या एवं उनके संबंध में विनियमन का अधिकार संसद को प्राप्त है।
- **अनुच्छेद 348(1)(a)** : कार्यवाहियों की भाषा अंग्रेज़ी होगी, जब तक संसद अन्यथा न प्रावधान करे

▶ संरचना एवं न्यायाधीशों की नियुक्ति

1. **वर्तमान संरचना** : भारत के उच्चतम न्यायालय में **कुल 34 न्यायाधीश** होते हैं ***— जिसमें 1 मुख्य न्यायाधीश (Chief Justice of India - CJI) तथा 33 अन्य न्यायाधीश सम्मिलित हैं।
2. **न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि का क्रम**

- **1950** : 1 मुख्य न्यायाधीश + 7 अन्य = 8 न्यायाधीश
- **1956** : न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाकर 10 की गई
- **1960** : संख्या 13, **1977** : संख्या 17
- **1986** : संख्या 25, **2008** : संख्या 30
- **2019** : संसद द्वारा अधिनियम पारित कर संख्या को 34 (33+1) किया गया।***

3. **भाषा संबंधी प्रावधान** : अनुच्छेद 348(1)(a): उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों में कार्यवाहियों की भाषा अंग्रेज़ी होगी, जब तक कि संसद इसके लिए अन्यथा विधि न बनाए।***

❖ **उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) से संबंधित अधिनियम**

क्रम	अधिनियम का नाम	वर्ष	मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर न्यायाधीशों की संख्या	कुल अधिकतम न्यायाधीशों की संख्या (मुख्य न्यायाधीश सहित)
1	संविधान का अनुच्छेद 124(1)	1950	7 तक (शुरुआती व्यवस्था)	8 (मुख्य न्यायाधीश सहित)
2	उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम	1956	10	11
3	संशोधन अधिनियम	1960	13	14
4	संशोधन अधिनियम	1977	17	18
5	संशोधन अधिनियम	1986	25	26
6	संशोधन अधिनियम	2008	30	31
7	संशोधन अधिनियम	2019	33	34

13.2 न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया और 'परामर्श' की संवैधानिक व्याख्या

► **नियुक्ति प्रक्रिया : संवैधानिक प्रावधान** : भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124 के अनुसार:

- भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है, जो इस विषय में अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीशों से परामर्श करता है।***
- अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति को मुख्य न्यायाधीश की सलाह लेना आवश्यक होता है।***

► **'परामर्श' शब्द की न्यायिक व्याख्या**

न्यायाधीश मामला	वर्ष	मुख्य निष्कर्ष
प्रथम न्यायाधीश मामला (S.P. Gupta बनाम भारत संघ)	1981	'परामर्श' का अर्थ – राष्ट्रपति के विवेक पर आधारित, कार्यपालिका की प्रधान भूमिका।
द्वितीय न्यायाधीश मामला	1993	'परामर्श' = मुख्य न्यायाधीश व वरिष्ठतम 2 न्यायाधीशों का सामूहिक निर्णय, जो बाध्यकारी होगा।
तृतीय न्यायाधीश मामला (परामर्शात्मक राय)	1998	कॉलेजियम में वरिष्ठतम 4 न्यायाधीश + CJI, बहुमत के आधार पर अनुशंसा; CJI अकेले निर्णय नहीं लेंगे।

► **कॉलेजियम प्रणाली बनाम राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC)**

कॉलेजियम प्रणाली : 1993 के द्वितीय न्यायाधीश मामला से लागू।*** **जिसका उद्देश्य** : न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना, कार्यपालिका के अनुचित हस्तक्षेप को रोकना।

संरचना :-

CHAPTER
15

अधीनस्थ न्यायालय
(Subordinate Courts)

अधीनस्थ न्यायालय

भारतीय न्यायिक व्यवस्था में उच्च न्यायालयों के अधीन कार्य करने वाले जिला एवं अन्य न्यायालयों को सामूहिक रूप से "निम्न न्यायालय" या "अधीनस्थ न्यायालय" कहा जाता है। ये न्यायालय उच्च न्यायालयों के न्यायिक एवं प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करते हैं और देश की न्यायिक संरचना के महत्वपूर्ण स्तंभ माने जाते हैं। इनकी मुख्य भूमिका है –

"जनसाधारण को न्याय तक त्वरित और सुलभ पहुंच सुनिश्चित करना।
व स्थानीय स्तर पर दीवानी एवं फौजदारी मामलों का निपटारा करना।"

संविधान के **भाग VI में अनुच्छेद 233 से 237 तक** अधीनस्थ न्यायालयों के संगठन, नियुक्ति प्रक्रिया सेवा शर्तें तथा कार्यपालिका से उनकी स्वतंत्रता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक प्रावधान किए गए हैं।

15.1 जिला न्यायाधीश की नियुक्ति (अनुच्छेद 233)***

जिला न्यायाधीशों की **नियुक्ति राज्यपाल***** द्वारा संबंधित उच्च न्यायालय से परामर्श कर की जाती है। नियुक्ति दो स्रोतों से हो सकती है—

- **सीधी भर्ती (Bar से)** : उम्मीदवार भारत का नागरिक हो, अधिवक्ता/प्लीडर के रूप में कम से कम 7 वर्ष का अनुभव रखता हो,*** तथा किसी भी केंद्र/राज्य सेवा में न हो।
- **प्रमोशन (Judicial Service से)** : राज्य की अधीनस्थ न्यायिक सेवा से पदोन्नति द्वारा, जिन पर "सेवा में न होना" की शर्त लागू नहीं होती।

जिला न्यायाधीश जिले का सबसे बड़ा न्यायिक अधिकारी होता है, इनके पास न्यायिक व प्रशासनिक दोनों प्रकार की शक्ति होती है, साथ ही जिले के सभी अधीनस्थ न्यायालयों के ऊपर पर्यवेक्षी अधिकार रखता है।***

अन्य अधीनस्थ न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति (अनुच्छेद 234) : राज्यपाल द्वार किन्तु परामर्श संबंधित राज्य के उच्च न्यायालय व राज्य लोक सेवा आयोग से लिया जाता है। यह प्रावधान **जिला न्यायाधीश के अतिरिक्त अन्य सभी न्यायिक पदों** (जैसे – सिविल जज, मजिस्ट्रेट) पर नियुक्ति से संबंधित है।

अधीनस्थ न्यायालयों पर नियंत्रण (अनुच्छेद 235) : संबंधित उच्च न्यायालय के पास; जिसमे **शामिल विषय** – न्यायाधीशों की "पोस्टिंग, पदोन्नति, स्थानांतरण, अवकाश, अनुशासनात्मक कार्यवाही" आदि तक है।

महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन : 20वाँ संशोधन अधिनियम, 1966 के तहत नवीन अनुच्छेद 233(क) का समावेश किया गया। जिसका उद्देश्य : पूर्व में की गई कुछ जिला न्यायाधीशों की नियुक्तियों को वैध ठहराना तथा उनके द्वारा पारित निर्णयों को **विधिक संरक्षण** प्रदान करना।

व्याख्या एवं परिभाषायें

- **'न्यायिक सेवा' का अभिप्राय** : वे अधिकारी जो जिला न्यायाधीश अथवा उससे निम्न स्तर के न्यायिक पदों पर कार्यरत हों।
- **'जिला न्यायाधीश'** शब्द में सम्मिलित हैं: ***
  — City Civil Court Judge (नगर दीवानी न्यायालय का न्यायाधीश)
  — Additional District Judge (अपर जिला न्यायाधीश)
  — Joint District Judge (संयुक्त जिला न्यायाधीश)

CHAPTER 17

परिवार व ग्राम न्यायालय

Family Court & Gram Nyayalaya

17.1 परिवार न्यायालय अधिनियम, 1984

अधिनयम का परिचय परिवार न्यायालय अधिनियम, 1984 भारत में पारिवारिक विवादों के निपटारे के लिए एक विशेष विधिक ढाँचा प्रदान करता है। इसका मूल उद्देश्य विवाह एवं पारिवारिक मामलों में मध्यस्थता, संवाद, और त्वरित समाधान को प्रोत्साहित करना है, जिससे पारिवारिक संबंधों की गरिमा बनी रहे और पक्षकारों को सस्ती, सुलभ एवं समयबद्ध न्याय मिल सके।

यह अधिनियम 14 सितंबर 1984 को लागू हुआ और इसके अंतर्गत स्थापित न्यायालयों को "परिवार न्यायालय" (Family Courts) कहा जाता है।

अधिनियम लाने के प्रमुख कारण

- **सामाजिक मांग** – महिला संगठनों और सामाजिक समूहों द्वारा यह मांग उठाई गई कि पारिवारिक मामलों के निपटारे हेतु ऐसे न्यायालय स्थापित हों जो
    - आपसी समझौते को प्राथमिकता दें,
    - कठोर एवं औपचारिक कानूनी प्रक्रियाओं से मुक्त हों।
- **विधि आयोग की सिफारिश (59वीं रिपोर्ट, 1974)** : विधि आयोग ने सुझाव दिया कि पारिवारिक विवादों का निपटारा सामान्य न्यायालयों से अलग दृष्टिकोण से किया जाए, मुकदमे से पहले ही मेल-मिलाप और सुलह को प्राथमिकता दी जाए।
- **सामान्य न्याय प्रणाली की सीमायें** : पारिवारिक वादों का निपटारा भी साधारण दीवानी वादों की तरह विरोधात्मक पद्धति (Adversarial Approach) से किया जाता है, जिससे निर्णय में अनावश्यक विलंब होता है और संबंधों में कटुता उत्पन्न होती है ।

अधिनियम के प्रमुख उद्देश्य

- पारिवारिक विवादों के लिए विशेषीकृत न्यायालयों की स्थापना ।
- समझौता आधारित समाधान को संस्थागत स्वरूप प्रदान करना ।
- समाधान प्रक्रिया को कम खर्चीला व समयबद्ध बनाना ।
- न्यायिक प्रक्रिया को लचीला, अनौपचारिक एवं मानवतावादी दृष्टिकोण से संचालित करना ।

प्रमुख विशेषतायें

1. **स्थापना का अधिकार** : राज्य सरकारें उच्च न्यायालय की सहमति से परिवार न्यायालयों की स्थापना कर सकती हैं ।
2. **जनसंख्या आधारित अनिवार्यता** : 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों में परिवार न्यायालयों की स्थापना अनिवार्य है ।
3. **विस्तार की संभावना** : राज्य सरकारें आवश्यकता के अनुसार अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे न्यायालय स्थापित कर सकती हैं ।
4. **न्यायालय का क्षेत्राधिकार** : ये न्यायालय केवल निम्नलिखित प्रकार के पारिवारिक मामलों की सुनवाई करते हैं:
    - विवाह की वैधता, तलाक, वैवाहिक अधिकारों की पुनः स्थापना ।
    - पति-पत्नी की संपत्ति से संबंधित विवाद।
    - संतान की वैधता (legitimacy) से जुड़े मामले।
    - अभिभावकत्व एवं संरक्षक की नियुक्ति।

अधिकार का अस्तित्व	राष्ट्रपति किसी अध्यादेश को तब प्रख्यापित कर सकता है, जब संसद का कोई भी सदन सत्र में न हो।	राज्यपाल किसी अध्यादेश को केवल तब प्रख्यापित कर सकता है जब राज्य विधानमंडल का कोई भी सदन सत्र में न हो।
तत्काल कदम उठाना	राष्ट्रपति केवल तब अध्यादेश प्रख्यापित कर सकता है जब उसे लगता है कि तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।	राज्यपाल तब अध्यादेश प्रख्यापित कर सकता है जब उसे लगता है कि तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता है।
अधिकार क्षेत्र	राष्ट्रपति वही अध्यादेश जारी करता है जिन पर संसद कानून बनाने का अधिकार रखती है।	राज्यपाल वही अध्यादेश जारी करता है जिन पर राज्य विधानमंडल को कानून बनाने का अधिकार है।
अधिकार का प्रभाव	राष्ट्रपति द्वारा जारी अध्यादेश संसद द्वारा बनाए गए किसी अधिनियम के समान प्रभावी होता है।	राज्यपाल द्वारा जारी अध्यादेश राज्य विधानमंडल द्वारा बनाए गए अधिनियम के समान प्रभावी होता है।
अधिकार की सीमा	राष्ट्रपति द्वारा जारी अध्यादेश की सीमा संसद द्वारा बनाए गए अधिनियम के समान होती है।	राज्यपाल द्वारा जारी अध्यादेश की सीमा राज्य विधानमंडल द्वारा बनाए गए अधिनियम के समान होती है।
अधिनियम की स्वीकृति	राष्ट्रपति किसी भी समय अध्यादेश को वापस ले सकता है।	राज्यपाल किसी भी समय अध्यादेश को वापस ले सकता है।
सुझाव का पालन	राष्ट्रपति अपने द्वारा जारी अध्यादेश को प्रधानमंत्री की सलाह पर ही प्रख्यापित या वापस कर सकता है।	राज्यपाल अपने द्वारा जारी अध्यादेश को मुख्यमंत्री की सलाह पर ही प्रख्यापित या वापस कर सकता है।
अधिनियम की समाप्ति	राष्ट्रपति द्वारा जारी अध्यादेश छह सप्ताह के बाद समाप्त हो जाता है, यदि संसद उसे अस्वीकृत कर देती है।	राज्यपाल द्वारा जारी अध्यादेश छह सप्ताह बाद समाप्त हो जाता है, यदि राज्य विधानमंडल उसे अस्वीकृत कर देता है।
विशेष निर्देश	राष्ट्रपति को अध्यादेश बनाने के लिए कोई विशेष निर्देश की आवश्यकता नहीं होती।	राज्यपाल को अध्यादेश बनाने से पहले राष्ट्रपति से निर्देश की आवश्यकता हो सकती है।

❖ **क्षमादान के मामले में राष्ट्रपति और राज्यपाल की तुलनात्मक शक्तियां**

विषय	**राष्ट्रपति**	**राज्यपाल**
सजा को क्षमा करना	राष्ट्रपति मृत्युदंड की सजा को माफ, कम या स्थगित कर सकता है।	राज्यपाल **मृत्युदंड की सजा को माफ नहीं कर सकता**। वह इसे स्थगित कर सकता है या पुनर्विचार के लिए भेज सकता है।
सजा का स्थगन	राष्ट्रपति सजा को स्थगित या माफ कर सकता है।	राज्यपाल किसी सजा को स्थगित या माफ कर सकता है, लेकिन मृत्युदंड के मामले में उसे राष्ट्रपति से मंजूरी की आवश्यकता होती है।
कोर्ट मार्शल सजा	राष्ट्रपति कोर्ट मार्शल से सजा प्राप्त व्यक्ति की सजा को माफ कर सकता है।	राज्यपाल को कोर्ट मार्शल से संबंधित सजा में कोई अधिकार नहीं होता।

20.8 मध्य प्रदेश : विशेष

मध्यप्रदेश के प्रथम राज्यपाल **डॉ. पट्टाभि सीतारमैया** एक **कुशल चिकित्सक** होने के साथ-साथ **स्वतंत्रता संग्राम** में भी सक्रिय रहे। उनके बाद **श्री बी. पाटस्कर**, **सत्यनारायण सिंह**, **श्री भगवतदयाल शर्मा**, और **श्री सी. एम. पुनाचा** जैसे अनेक राज्यपाल विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

❖ **मध्यप्रदेश के राज्यपालों की सूची (1956–अब तक)**

क्रम	नाम	कार्यकाल
1.	श्री बी. पट्टाभि सीतारमैय्या	01/11/1956 से 13/06/1957
2.	श्री हरिविनायक पटास्कर	14/06/1957 से 10/02/1965
3.	श्री के.सी. (क्यसंबिल चेंगलराव) रेड्डी	11/02/1965 से 02/02/1966
4.	जस्टिस पी.वी. दीक्षित (**कार्यवाहक**)	03/02/1966 से 09/02/1966
	श्री के.सी. (क्यसंबिल चेंगलराव) रेड्डी (पुनः)	10/02/1966 से 07/03/1971
5.	**श्री सत्यनारायण सिन्हा** इमरजेन्सी के समय **प्रकाश चंद्र सेठी** को हटा कर **श्यामचरण शुक्ल** को मुख्य मंत्री बना दिया गया था। जब मार्च 1977 में केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी तो तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई की सरकार ने 9 काँग्रेस शासित राज्यों की विधान सभाओ को भंग कर दिया = **30 April** 1977 से 23 June 1977 = **राष्ट्रपति शासन**)	08/03/1971 से 13/10/1977
6.	श्री निरंजननाथ वांचू	14/10/1977 से 16/08/1978
7.	श्री चिप्पुदिरा मुथाना पुनाचा **राष्ट्रपति शासन** (इंदिरा गांधी *v/s* सुंदरलाल पटवा) = 17/02/1980 से 09/06/1980	17/08/1978 से 29/04/1980
8.	श्री भगवत दयाल शर्मा	30/04/1980 से 25/05/1981
9.	जस्टिस गुरूप्रसन्न (जी.पी.) सिंह (**कार्यवाहक**)	26/05/1981 से 09/07/1981
	श्री भगवत दयाल शर्मा (पुनः)	10/07/1981 से 20/09/1983
	जस्टिस जी.पी. सिंह (पुनः, कार्यवाहक)	21/09/1983 से 07/10/1983
	श्री भगवत दयाल शर्मा (तीसरी बार)	08/10/1983 से 14/05/1984
10.	प्रोफेसर के.एम. चांडी = शिक्षाविद पृष्ठभूमि से	15/05/1984 से 30/11/1984
11.	जस्टिस एम.डी. ओझा (**कार्यवाहक**)	01/12/1984 से 29/12/1987
	प्रोफेसर के.एम. चांडी (पुनः)	30/12/1987 से 30/03/1989
12.	श्रीमती सरला ग्रेवाल = प्रथम महिला राज्यपाल***	31/03/1989 – 06/02/1990
13.	कुंवर मेहमूद अली खान = गैर-कांग्रेसी **राष्ट्रपति शासन** = 15 Dec 1992 से 06 Dec 1993 तक। बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद सुन्दर लाल पटवा की सरकार तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंगराव ने निलंबित कर दी।	06/02/1990 – 23/06/1993
14.	डॉ. मोहम्मद शफी कुरैशी	24/06/1993 – 21/04/1998
15.	डॉ. भाई महावीर = शिक्षाविद पृष्ठभूमि से	22/04/1998 – 06/05/2003
16.	श्री रामप्रकाश गुप्ता = गैर-कांग्रेसी	07/05/2003 – 01/05/2004
17.	लेफ्टिनेंट जनरल कृष्ण मोहन सेठ (**कार्यवाहक**)	02/05/2004 – 29/06/2004
18.	डॉ. बलराम जाखड़	30/06/2004 – 29/06/2009
19.	श्री रामेश्वर ठाकुर	30/06/2009 – 07/09/2011
20.	श्री रामनरेश यादव	08/09/2011 – 07/09/2016

- **अनु. 167(a)** : राज्यपाल को मंत्रिपरिषद् के सभी निर्णयों से अवगत कराना।***
- **अनु. 167(b)** : राज्यपाल द्वारा मांगी गई प्रशासनिक या विधायी जानकारी प्रदान करना।
- **अनु. 167(c)** : यदि राज्यपाल अपेक्षा करे, तो किसी मंत्री द्वारा लिए गए निर्णय को मंत्रिपरिषद् में विचारार्थ प्रस्तुत करना।

❖ **मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्रियों / सदन का नेता की सूची**

विधानसभा	क्र.	नाम	कार्यकाल
प्रथम (1956–1957)	1	**पं. रविशंकर शुक्ल** (v/s राज्य पाल : डॉ. भोगराजू पट्टाभि सीतारमैया) 1 नवंबर को छोटी दीपावली के दिन इन्होंने शपथ ली, शपथ के दौरान किसी ने कहा भी था, कि अमावश्य की घनी काली रात आने वाली है, तो उन्होंने कहा कोई बात नहीं, लाखों लोग दिये भी तो जलायेंगे। दुर्भाग्यवश यह उनकी अंतिम दीपावली रही, और मध्य प्रदेश का पहला सूरज (रवि) उसी वर्ष के अंतिम दिन (31 दिसम्बर) को पद पर रहते हुये डूब गया। सन् 1957 में होने वाले आम चुनावों के लिए टिकट वितरण के सिलसिले में शुक्ल जी कांग्रेस हाईकमान के बुलावे पर दिल्ली गए थे। ऐसा कहा जाता है कि उस समय कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें आगामी चुनाव में टिकट न देने का निर्णय लिया था और संकेत दिया था कि उन्हें किसी राज्य का राज्यपाल नियुक्त किया जा सकता है। हालांकि इस विषय में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई थी, लेकिन यह समाचार विभिन्न अखबारों में प्रकाशित हुआ और कई प्रमुख व्यक्तियों को इसकी जानकारी दी गई। यह सूचना मिलने के बाद शुक्ल जी कांग्रेस के जंतर-मंतर स्थित मुख्यालय से सीधे कनॉट प्लेस पहुंचे, जहां उन्होंने अपने एक मित्र के साथ लगभग दो घंटे तक टहलते हुए समय बिताया। लौटने के बाद उसी रात उन्हें हृदयघात हुआ, जिसके कारण उनका निधन हो गया। अगले दिन उनका पार्थिव शरीर भोपाल लाया गया।	01/11/1956 – 31/12/1956
	2	श्री **भगवंतराव मंडलोई** (कार्यवाहक मुख्य मंत्री के रूप में)	09/01/1957 – 30/01/1957
	3	**श्री कैलाशनाथ काटजू** पंडित रविशंकर शुक्ल जी के निधन के बाद मध्यप्रदेश की राजनीतिक स्थिति असमंजसपूर्ण हो गई। इस परिस्थिति में **भगवंतराव मंडलोई** को **कार्यवाहक मुख्यमंत्री** के रूप में शपथ दिलाई गई। हालांकि, इस निर्णय का **तखतमल जैन** ने विरोध किया, जिससे कांग्रेस संगठन के भीतर असंतोष और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। **प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू** जी भी उस समय कैलाशनाथ काटजू को मध्यप्रदेश भेजकर **वी. के. कृष्ण मेनन** को रक्षा मंत्री के रूप में नियुक्त करना चाहते थे। (यह वही मेनन है, जिन पर 1962 के भारत-चीन युद्ध के समय सेना की सीमावर्ती तैयारियों में कमी होने का आरोप लगाया गया था।) चूंकि यह निर्णय **कांग्रेस हाईकमान के निर्देश** पर लिया गया था, इसलिए सभी नेताओं ने औपचारिक रूप से इसे स्वीकार तो कर लिया, परंतु भीतर ही भीतर मतभेद और असहमति स्पष्ट रूप से बनी रही।	**31 Jan 1957** – 14/04/1957
द्वितीय (1957–1962)		श्री **कैलाशनाथ काटजू** (पुनः) दूसरी विधान सभा में फिर अध्यक्ष **कुंजीलाल दुबे** और उपाध्यक्ष **अनंत सदाशिव पटवर्धन** चुने गये। **प्रजा सोशलिस्ट पार्टी** के विधायक **चंद्र प्रताप तिवारी** सबसे बड़े विरोधी दल के नेता थे। सन् 1959 के आसपास की बात है, जब **छत्तीसगढ़ डिवीजन के पुलिस डी.आई.जी.** ने मुख्यमंत्री **डॉ. कैलाशनाथ काटजू** जी को फोन पर सूचित किया कि एक अल्पसंख्यक संस्था के बाहर उग्र भीड़ इकट्ठी हो गई है और स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है। भीड़ को संभालने के लिए गोली चलाने जैसे कदम की परमीशन मांगी। फोन के द्वारा उनका उद्देश्य सूचना देने के साथ मुख्यमंत्री की मंशा जानने का भी था। काटजू को चूंकि धीमा सुनाई देता था इसलिए वे फोन पर चिल्लाये — "जोर से!" —इस पर पुलिस अधिकारी को लगा कि	15/04/1957 से 11/03/1962

INDIAN FOREST SERVICE (IFOS) 2023


AIR 01 — **Ritvika Pandey** — Forestry Comprehensive Course

AIR 03 — **Swastic Yaduvanshi** — Forestry Comprehensive Course

AIR 05 — **Vidyanshu Shekhar Jha** — Forestry Comprehensive Course + Test Series

AIR 06 — **Rohan Tiwari** — Forestry Comprehensive Course

AIR 10 — **Shashank Bhardwaj** — Forestry Comprehensive Course + Test Series

AIR 14 — **Ankan Bohra** — Forestry Comprehensive Course

AIR 16 — **Prachi Gupta** — Forestry Comprehensive Course

AIR 17 — **Raj Patoliya** — Forestry Comprehensive Course + Test Series

AIR 23 — **Vineet Kumar** — Forestry Comprehensive Course

AIR 27 — **Jatin Babu S** — Forestry Comprehensive Course

AIR 28 — **Gaurav Saharan** — Test Series

AIR 37 — **Yash Singhal** — Forestry Comprehensive Course

AIR 41 — **Nitish Pratik** — Forestry Comprehensive Course

AIR 50 — **Vaasanthi P.** — Test Series

AIR 54 — **Sourabh Kumar Jat** — Forestry Comprehensive Course

AIR 56 — **Ekam Singh** — Forestry Comprehensive Course + Test Series

AIR 57 — **Kunal Mishra** — Forestry Comprehensive Course

AIR 58 — **Atul Tiwari** — Forestry Comprehensive Course

AIR 60 — **Aman Gupta** — Forestry Comprehensive Course + Test Series

AIR 61 — **Sanket Adhao** — Forestry Comprehensive Course

AIR 63 — **Preeti Yadav** — Forestry Comprehensive Course

AIR 65 — **Nihal Chand** — Forestry Comprehensive Course + Test Series

AIR 66 — **Shashikumar S. L.** — Forestry Comprehensive Course

AIR 67 — **Dhino Purushothaman** — Forestry Comprehensive Course

AIR 68 — **Diwakar Swaroop** — Forestry Comprehensive Course

AIR 72 — **Rajesh Kumar** — Forestry Comprehensive Course

AIR 74 — **Krishna Chaitanya** — Forestry Comprehensive Course

AIR 75 — **Harveer Singh Jagarwar** — Forestry Comprehensive Course

AIR 76 — **Akash Dhanaji Kadam** — Forestry Comprehensive Course

AIR 78 — **Himanshu Dwivedi** — Forestry Comprehensive Course

AIR 80 — **Sumit Dhayal** — Forestry Comprehensive Course

AIR 82 — **Priyadarshini** — Forestry Comprehensive Course + Test Series

64 Out of **147** Total Selections in

Indian Forest Service (IFoS) 2023

Congratulations

To all our successful candidates in

AIR 01
Kanika Anabh
Forestry Comprehensive Course | Test Series

AIR 03
Anubhav Singh
Forestry Comprehensive Course

AIR 06
Sanskar Vijay
Forestry Comprehensive Course

AIR 10
Satya Prakash
Test Series

AIR 11
Chada Nikhil Reddy
Forestry Comprehensive Course

AIR 12
Bipul Gupta
Forestry Comprehensive Course

AIR 13
Yeduguri Aiswarya Reddy
Forestry Comprehensive Course

AIR 17
Namratha N
Forestry Comprehensive Course

AIR 18
Divyanshu Pal Nagar
Forestry Comprehensive Course

AIR 21
Akanksha Puwar
Forestry Comprehensive Course

AIR 23
Yogesh Rajoriya
Forestry Comprehensive Course

AIR 25
G Prashanth
Forestry Comprehensive Course | Test Series

AIR 28
Kanishak Aggarwal
Forestry Comprehensive Course

AIR 29
Shashi Shekhar
Forestry Comprehensive Course

AIR 31
Vinay Budanur
Forestry Comprehensive Course

AIR 33
Shraddhesh Chandra
Forestry Comprehensive Course | Test Series

AIR 35
Kaore Shreerang Deepak
Forestry Comprehensive Course | Test Series

AIR 36
Javed Ahmad Khan
Forestry Comprehensive Course

AIR 42
Shruti Chaudhary
Forestry Comprehensive Course

AIR 43
Aravindkumar R
Forestry Comprehensive Course

AIR 44
Kishlay Jha
Forestry Comprehensive Course

AIR 45
Prabhutoshan Mishra
Forestry Comprehensive Course

AIR 48
Abhigyan Khaund
Forestry Comprehensive Course

52 Out of **143** Total Selections in

Indian Forest Service (IFoS) 2024

Online / Offline Batches

Comprehensive syllabus coverage and detailed analysis of PYQs

- Both online / Offline batches
- 2 years of validity with unlimited access.

Study Material

- PYQs and syllabus-based
- Color printed
- Generous use of visual Graphics
- Align with the latest trends and requirements of the exam

Test Series

Personalized feedback with detailed solutions and suggestions for each candidate, ensuring targeted improvement and success in exams.

Leader In Forest Services

A premier institute specializing in forest service exams, including IFoS, ACF, RFO, and ICFRE / ICAR–(ASRB) ARS/NET Examinations.